# अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

2025/222

इन्दु शर्मा V/s राज्य

| तारीख / पेशी | हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए |
|---|---|---|
| | 2025/452<br>श्री शशिकान्त जोशी / श्री शिवप्रकाश चौधरी — श्री प.स. लखावत 1,4 व 5,2,4 व 4,5, हरिनारायण 4 व 7,9,10, सोनचंद गार्डिया-2/4 | |
| 25/11/25 | यह पत्रावली अभिभावक अपीलांट ने प्रा.पत्र वास्ते मिसल तलब करने आज ही तथा प्रा.पत्र अन्तर्गत आदेश 23 नियम 01 जा.दी. पेश किये जाने से आजतलब की गई। अभिभावक अपीलांट्स एवं अपीलांट्स की ओर से मुख्त्यारआम श्रीमती इन्दु शर्मा उप.। अभिभावक अपीलांट्स एवं ~~मुख्त्यार~~ अपीलांट्स की ओर से मुख्त्यारआम श्रीमती इन्दु शर्मा ने प्रा.पत्र आदेश 23 नियम 01 जा.दी. बाबत निवेदन किया कि हम पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो गया है और हमने आपस में सुलह कर ली है। अतः अब उपरोक्त वर्णित वाद/अपील को आगे नहीं चलाना चाहती है।<br>अपीलांट्स की ओर से मुख्त्यारआम श्रीमती इन्दु शर्मा स्वयं उपस्थित हुई एवं आर्डरशीट पर सहमति स्वरूप हस्ताक्षर किये, जिसकी पहचान उनके अधिवक्ता श्री शिवप्रकाश चौधरी ने की।<br>अतः अपील अपीलांट अभिभावक अपीलांट्स एवं अपीलांट्स द्वारा आगे नहीं चलाये जाने के कारण जरिये डिक्री खारिज की जाती है। पत्रावली फैसलशुदा होकर नम्बर से कम हो।<br>राजस्व अपील प्राधिकारी<br>अजमेर | 25.11.25<br>Indu Sharma<br>25/11/2025 |

Scanned with CamScanner

# न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, अजमेर

अपील डिक्री/टी.ए./संख्या 452 /2025/जिला ब्यावर

2025/452

1. श्रीमती इन्दू शर्मा पुत्री रामपाल पत्नी पुरूषोत्तम जाति जांगिड ब्राहमण निवासी खन्ना कॉलोनी, ब्यावर तहसील व जिला ब्यावर।
2. श्रीमति रेखा शर्मा पुत्री रामपाल पत्नी रमेश शर्मा जांगिड ब्राहमण निवासी भजनगंज, अजमेर तहसील व जिला अजमेर।
3. श्रीमति मंजुला गौतम पत्नी दुष्यंत
   समस्त जाति जांगिड ब्राहमण निवासी नटराज सिनेमा के पास, सेन्ट्रल स्कूल नंबर 2 के सामने कोटा तहसील व जिला कोटा।
4. पप्पू उर्फ हेमन्त पुत्र स्व. रामपाल
5. चीचु उर्फ यशवंत पुत्र स्व. रामपाल
6. प्रमोद उर्फ जयन्त स्व. रामपाल
   समस्त जाति जांगिड ब्राहमण निवासी खन्ना कॉलोनी, ब्यावर तहसील व जिला ब्यावर।

श्री शशिकान्त जोशी Advt. अपील पत्र प्र. कार्यान्वित रिपोर्ट हेतु पेश है 19.9.25

राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

452/2025
19.9.25

—अपीलान्टस/प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 3, 4ए, 4बी व 11

C/R
24/9/25

**बनाम**

1. रामचन्द्र पुत्र गंगा उर्फ गांगीलाल (मृतक) जरिये विधिक वारीसान :—
   - 1/1 श्रीमति रामज्योति पत्नी स्व. रामचन्द्र
   - 1/2 गजेन्द्र पुत्र स्व. रामचन्द्र
   - 1/3 श्रीमति मंजू उर्फ राजू पुत्री स्व. रामचन्द्र (मृतक) जरिये विधिक वारीसान :—
     - 1/3/1 संतोष जांगिड पुत्री श्रीमती मंजू जांगिड
     - 1/3/2 मोहित पुत्र श्रीमती मंजू जांगिड
     - 1/3/3 जयेश पुत्र श्रीमती मंजू जांगिड
     - 1/3/4 श्रीमति तृप्ति जांगिड पुत्री श्रीमती मंजू जांगिड
       समस्त जाति जांगिड ब्रहमण निवासी उम्मेद चौक जोधपुर तहसील व जिला जोधपुर।
   - 1/4 श्रीमति उषा पुत्री रामचन्द्र
   - 1/5 श्रीमति देविका पुत्री रामचन्द्र
     समस्त जाति जांगिड ब्राहमण निवासी गांधी चौक बाड़मेर तहसील व जिला बाड़मेर।
2. रामनिवास पुत्र गंगा उर्फ गांगीलाल (मृतक) जरिये विधिक वारीसान :—
   - 2/1 श्रीमति लाडीबाई उर्फ शकुन्तलादेवी पत्नी स्व. रामनिवास
   - 2/2 श्रीमति मधु पुत्री स्व. रामनिवास
   - 2/3 श्रीमति सुमन पुत्री स्व. रामनिवास
   - 2/4 श्रीमति सुधा पुत्री स्व. रामनिवास

अभिभाषक :

Scanned with CamScanner

2/5 श्रीमति अन्तिमा पुत्री स्व. रामनिवास
समस्त जाति जांगिड ब्राहमण निवासी हरियाणी विकास डवलपमेंट ऑथोरिटी कॉलोनी सोनीपथ हरियाणा।

3. रामेश्वर पुत्र मंगा उर्फ मांगीलाल (मृतक) जरिये विधिक वारीसान :–
   3/1 श्रीमति पुष्पादेवी पुत्री रामेश्वर पत्नी ब्रहमानन्द जांगिड निवासी तहसील के पास विजयनगर तहसील विजयनगर जिला ब्यावर।
   3/2 श्रीमति कौशल्या पुत्री रामेश्वर पत्नी धर्मराज जांगिड निवासी सांखला कॉलोनी ब्यावर तहसील व जिला ब्यावर।
   3/3 श्रीमति रेणुका शर्मा पुत्री रामेश्वर पत्नी प्रहलाद शर्मा निवासी चौधरी कॉलोनी ब्यावर तहसील व जिला ब्यावर।

– असल रेस्पोडेन्टस/वादीगण

4. जगदीश पुत्र मंगा उर्फ मांगीलाल
5. आनन्द उर्फ अनील पुत्र रामस्वरूप (मृतक) जरिये विधिक वारीसान :–
   5/1 श्रीमति सुनीता शर्मा पत्नी स्व. आनन्द शर्मा
   5/2 कुमारी खुशबू पुत्री स्व. आनन्द शर्मा
   5/3 कुमारी प्रियांशी पुत्री स्व. आनन्द शर्मा नाबालिग बजरिये उसकी कुदरती माता व वलिया श्रीमति सुनीता शर्मा पत्नी स्व. आनन्द शर्मा
   5/4 श्रीमति रामेश्वरी देवी पत्नी स्व. रामस्वरूप
   समस्त जाति जांगिड ब्राहमण निवासी रेल्वे क्वार्टर, बस स्टेण्ड के पीछे, अजमेर तहसील व जिला अजमेर।
6. किशनलाल उर्फ कृष्णस्वरूप पुत्र स्व. रामस्वरूप जाति जांगिड ब्राहमण निवासी शाहपुरा मौहल्ला ब्यावर तहसील व जिला ब्यावर।
7. श्रीमति रामेश्वरी पत्नी रामस्वरूप जाति जांगिड ब्राहमण निवासी रेल्वे क्वार्टर, बस स्टेण्ड के पीछे, अजमेर तहसील व जिला अजमेर।
8. श्रीमति सोनीया पुत्री स्व. दुष्यंत जाति जांगिड ब्राहमण निवासी बसन्त भवन मुन्दडी मौहल्ला श्री टॉकिज के पीछे, अजमेर तहसील व जिला अजमेर।
9. श्रीमती भानू पुत्री रामस्वरूप शर्मा
10. श्रीमती भारती पुत्री रामस्वरूप शर्मा
समस्त जाति जांगिड ब्राहमण निवासी बसन्त भवन मुन्दडी मौहल्ला श्री टॉकिज के पीछे, अजमेर तहसील व जिला अजमेर।
11. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (भू–धारक) ब्यावर तहसील व जिला ब्यावर।
12. राजस्थान सरकार जरिये उपपंजीयक ब्यावर तहसील व जिला ब्यावर।

– रेस्पोडेन्टस/प्रतिवादीगण

अभिमान्यु

Scanned with CamScanner

प्रथम अपील अन्तर्गत धारा 223 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 विरूद्ध निर्णय एवं डिक्री दिनांक 12.08.2025 तथा संशोधित आदेश दिनांक 27.08.2025 जो विद्वान उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर ब्यावर द्वारा राजस्व वाद पत्र संख्या 31/2012 (98/2009) (2012/000697) बउनवानी "श्री रामचन्द्र व अन्य बनाम श्री पप्पू व अन्य" में पारित किये गये है।

श्रीमान्जी,

अपीलान्टस/प्रतिवादीगण अपील के संक्षिप्त एवं सारगर्भित तथ्यों सहित निम्नांकित निवेदन करते है :-

अ) यह कि प्रकरण के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि मूल वादीगण रामचन्द्र, रामनिवास एवं रामेश्वर पुत्रगण मंगा उर्फ मांगीलाल जी (वर्तमान असल रेस्पोडेन्टस के पूर्वज) ने कृषि भूमि स्थित ग्राम रतनपुरा सरदारा तहसील व जिला ब्यावर के साबिक खसरा नम्बर 778 रकबा 05-06-00 खसरा संख्या 779 रकबा 01-05-10 बीघा कुल 06-11-10 जिनके वर्तमान खसरा नम्बर क्रमशः संख्या 892 रकबा 06-13-00 खसरा संख्या 810 रकबा 00-03-00 खसरा संख्या 811 रकबा 00-02-10 खसरा संख्या 892/1255 रकबा 00-05-10 बीघा भूमि के बाबत एक राजस्व वादपत्र संख्या 31/2012 (98/2009) बउनवानी "रामचन्द्र बनाम पप्पू" अंतर्गत धारा 88, 91, 188 रा.का.अ. 1955 एवं सपठित धारा 136 भू.रा.अ. 1956 के तहत विद्वान उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर ब्यावर के समक्ष दिनांक 24.09.2009 को प्रस्तुत कर निवेदन किया कि "प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 4 (रामपाल के वारीसान) का विवादित आराजी से कोई संबंध व सरोकार का नहीं है और इनके पूर्वज रामपाल, सोनू जी के गोद चले गये तथा उन्होंनें सोनू जी की समस्त चल व अचल सम्पत्ति प्राप्त कर ली। इसके अतिरिक्त जमाबंदी सम्वत 2023 से 2026 में वादीगण एवं प्रतिवादीगण संख्या 5 ता 8 के पूर्वज मांगीलाल जी का राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज चल आ रहा है किन्तु सेटलमेंट में बनायी वर्किंग जमाबंदी सम्वत 2042 से 2045 में वादीगण व प्रतिवादीगण संख्या 5, 6 ता 8 के पूर्वज जगदीश जी का नाम हटा कर उनके स्थान पर प्रतिवादी संख्या 1 से 4 के पूर्वज गेन्दी का नाम अंकित कर दिया जबकि इस आराजी से गेन्दी अथवा उसके वारीसान प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 4 का कोई संबंध व सरोकार नहीं है इसलिये विवादित आराजी में प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 4 का नाम हटाया जाकर राजस्व अभिलेख दुरस्त कर सम्पूर्ण आराजी वादीगण एवं प्रतिवादीगण संख्या 5 ता 8 के नाम दर्ज की जावे एवं मुख्य प्रतिवादीगण को स्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द फरमाया जावे।" आदि-आदि प्रकथन अपने राजस्व वादपत्र में अंकित कर असल

अभिभाषक.

Scanned with CamScanner